Mahendra's Daily Current Affairs: 09.12.2021

1-Prime Minister Narendra Modi visited Dehradun and inaugurated & laid the foundation stone of multiple projects worth around Rs 18,000 crore.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देहरादून का दौरा किया और लगभग 18,000 करोड़ रुपये लागत की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

2-Former Governor of Tamil Nadu and former Chief Minister of the unified State of Andhra Pradesh Konijeti Rosaiah passed away in Hyderabad. He was 88.

तमिलनाडु के पूर्व राज्यपाल और एकीकृत आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कोनिजेटी रोसैया का हैदराबाद में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

3-Mumbai-born left-arm spinner Ajaz Patel entered the record books as he became only the third bowler in the 144-year-old history of Test cricket to take all 10 wickets in an innings on the second day of the second match against India.

मुंबई में जन्में बायें हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल ने क्रिकेट की रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान एक पारी के सभी 10 विकेट लेने वाले टेस्ट क्रिकेट के 144 साल के इतिहास में तीसरे गेंदबाज बन गए।

4-Goa Chief Minister Pramod Sawant launched Goa Electricity Mobility Promotion Policy 2021 to promote usage of e-vehicles.

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने ई-वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए गोवा बिजली परिवहन संवर्द्धन नीति-2021 का शुभारंभ किया।

5-The Central government has approved a plan to produce over five lakh AK-203 assault rifles at Korwa in Uttar Pradesh's Amethi.

केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के अमेठी के कोरवा में पांच लाख से अधिक एके-203 असॉल्ट राइफल के विनिर्माण की योजना को मंजूरी दी है।

6-To provide its techno-financial expertise in developing Renewable Energy projects, Indian Renewable Energy Development Agency Ltd. (IREDA) today signed a Memorandum of Understanding (MoU) with THDC India Ltd (THDCIL).

अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने में अपनी तकनीकी-वित्तीय विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने आज टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

7-A cyclothon was flagged off from INS Dronacharya in Kochi to the Indian Naval Academy at Ezhimala in Kannur district of Kerala to commemorate the Swarnim Vijay Divas and Aazadi Ka Amrit Mahotsav.

स्वर्णिम विजय दिवस और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में केरल के कन्नूर जिले के एझिमाला में आईएनएस द्रोणाचार्य से भारतीय नौसेना अकादमी के लिए कोच्चि में एक साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई गई।

8-The Indian Institute of Management (IIM) Ahmedabad launched Arun Duggal ESG Centre for Research and Innovation.

आईआईएम अहमदाबाद ने अरुण दुग्गल पर्यावरण, सामाजिक और कॉर्पोरेट संचालन (ईएसजी) सेंटर फॉर रिसर्च एंड इनोवेशन लॉन्च किया है।

9-Elon Musk's electric car company Tesla has officially moved its headquarters from Palo Alto, California, to Austin, Texas.

एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने आधिकारिक तौर पर अपना मुख्यालय पालो ऑल्टो, कैलिफोर्निया से ऑस्टिन, टेक्सास में स्थानांतरित कर दिया है।

10-The National Basketball Association (NBA) and private broadcasting group Viacom18 on Friday entered into a multi-year partnership to live-broadcast NBA games and programming across television and over-the-top streaming.

नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) और निजी प्रसारण समूह वायकॉम18 ने एनबीए खेलों के टेलीविजन पर सीधा प्रसारण के लिए एक समझौता किया है। यह समझौता कई वर्ष के लिये है।